Regarding re-opening of Milk Powder Production Unit in Latur

डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे (लातूर) : धन्यवाद सभापति महोदय । महाराष्ट्र में मेरे लातूर लोक सभा चुनाव क्षेत्र में उदगीर एक अग्रणी सरकारी मिल्क पाउडर प्रोडक्शन यूनिट था, जिसका परिचालन पिछले कुछ सालों से बंद कर दिया गया है । विगत वर्षों में उस यूनिट को पुन: शुरू करने की कई बार कोशिश हुई, लेकिन सफलता नहीं मिली है । उसके बाद, राज्य सरकार ने उस प्रोजेक्ट के पुनरुत्थान के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपे जाने के लिए केंद्र सरकार के पास काफी समय पहले एक प्रस्ताव भेजा था । भारत सरकार ने उस पर अपनी सहमति दे दी थी और एनडीडीबी को उस पर आगे कार्रवाई करने के लिए निर्देश भी दिए थे, परन्तु अभी तक एनडीडीबी की ओर से कागजात से बाहर धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है ।

अत: आपके माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस बंद पड़े मिल्क पाउडर प्रोडक्शन यूनिट को व्यापक जनहित में पुन: चालू करने की कोशिश करे और जल्द से जल्द उसे चालू करके वहां के किसानों को राहत दे । धन्यवाद ।